**आवश्यकता है**
दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**
गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928, 8319964648

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 132 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 22 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया




## सरकारी आदेश बेअसर...

# कान्हा के कंधों को नहीं मिलती राहत

## बलराम से भारी श्याम का बस्ता, फरमान बन रहे औपचारिकता

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा विभाग ने स्कूली बच्चो के कंधों से बस्ते का बोझ कम करने के लिए फिर फरमान जारी किया। लेकिन, यह फरमान सिर्फ औपचारिकता ही बनकर रह जाते हैं। आदेश कई बार जारी किए गए। इसके अलावा केंद्र की इस संबंध में गाइड लाईन भी है। लेकिन, कान्हा के बस्ते का वजन बलराम से ज्यादा है। मतलब छोटे बच्चों के कंधों पर दसवीं-बारहवीं या कॉलेज के विद्यार्थियों से ज्यादा बोझ डाला जा रहा है। पहली और दूसरी कक्षा में ही बस्ते का वजन इतना बढ़ जाता है कि बच्चों की पीठ झुक जाती है। खास बात यह है कि सरकारी स्कूलों की तुलना में निजी स्कूलों के बस्तों का वजन अधिक है।

दरअसल शिक्षा के निजीकरण के इस दौर में बस्ते का बोझ हल्का करने की हर कवायद विफल हो रही है। यू केजी से लेकर हायर सेकंडरी तक की कक्षाओं के बच्चे भारी बस्ता उठाने को मजबूर है। छोटे-छोटे बच्चों के बड़े-बड़े भारी बस्तों ने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। बच्चों की इस तकलीफ को पालक भी महसूस करते हैं। पालकों की माने तो हर साल बच्चों के बैग का वजन एक से दो किलो तक बढ़ रहा है। हर साल बस्ते के वजन को कम करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किया जाता है। पर कुछ ही दिनों में यह अभियान ठप पड़ जाता है। शिक्षा विभाग के कुछ लोगों की बात माने तो बस्ते के बढ़ते वजन की जांच के लिए शिक्षा विभाग द्वारा टीम का गठन किया गया है, पर टीम कभी फील्ड में जाती ही नहीं है। यही वजह है कि प्राइवेट स्कूल मनमानी कर रहे हैं।

### हर साल बढ़ता ही जा रहा है बोझ...

वर्तमान में स्कूल बैग का बढ़ता बोझ निरंतर चिंता का विषय बना हुआ है। भारी बैग की वजह से बच्चों के कंधों पर जरूरत से अधिक दबाव पड़ता है। इससे रीढ़ की हड्डी पर भी दबाव बढने लगा है। पालकों के अनुसार यू केजी के बच्चे के बैग का वजन 3.5 किलो तक होता है।

**अब फिर जारी हुए शिक्षा विभाग के आदेश**

| कक्षा | बस्ते का वजन |
|---|---|
| पहली | 1.6 से 2.2 किग्रा |
| दूसरी | 1.6 से 2.2 किग्रा |
| तीसरी | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| चौथी | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| पांचवीं | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| छठवीं | 2.0 से 3.0 किग्रा |
| सातवीं | 2.0 से 3.0 किग्रा |
| आठवीं | 2.5 से 4.0 किग्रा |
| नौवीं | 2.5 से 4.5 किग्रा |
| दसवीं | 2.5 से 4.5 किग्रा |

जबकि, दूसरी क्लास तक पहुंचते-पहुंचते यह बढक़र 5 किलो हो जाता है। पांचवीं में स्कूल बैग का वजन 7 से 8 किलो तक हो जाता है।

### सरकारी स्कूल का बस्ता हल्का...

सरकारी स्कूल वाले बच्चों के बस्ते निजी स्कूल वालों के बस्ते से हल्के हैं।



सरकारी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा, गणित के अतिरिक्त एक या दो पुस्तकें हैं। लेकिन, निजी स्कूलों के बस्तों का भार बढ़ता ही जा रहा है। बच्चों की शिक्षण सामग्री में वृद्धि के पीछे व्यावसायिक दृष्टिकोण ही नजर आता है।

### कंधे एवं हड्डी के जोड़ पर पड़ता है असर...

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ केएल राठौर का कहना है कि यदि बच्चे के स्कूल बैग का वजन बच्चे के वजन से 10 प्रतिशत से अधिक होता है तो काइफोसिस होने की आशंका बढ़ जाती है। इससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होती है। भारी बैग के कंधे पर टांगने वाली पट्टी अगर पतली है तो कंधे की नसों पर असर पड़ता है। कंधे में हर समय दर्द बना रहता है। हड्डी के जोड़ों पर भी असर पड़ता है।

**केंद्र सरकार के मानक-बस्ते का मौजूदा वजन**

| | |
|---|---|
| कक्षा पहली से दूसरी 2 किलो | -यूकेजी 3.50 किलो |
| कक्षा तीसरी से चौथी 3 किलो | -पहली कक्षा 4 किलो |
| कक्षा 5वीं से 8वीं 4 किलो | -दूसरी कक्षा 5 किलो |
| कक्षा 9वीं से 10वीं 6 किलो | -पांचवी कक्षा 8 किलो |

# सीएम मोहन यादव कल नीमच में

## रोड शो के बाद होगी जनसभा, प्राइवेट बस स्टैंड से रोड शो करते हुए पहुचेंगे दशहरा मैदान

**नीमच, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल 23 फरवरी को नीमच दौरे पर रहेंगे। इसी के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी कर रहा है। मंगलवार देर रात जिले के पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी, जनप्रतिनिधि शहर के दशहरा मैदान और प्राइवेट बस स्टैंड पर पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी और सभा स्थल तक रोड शो के मार्ग चयन किया। बता दे कि डॉ मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनने के बाद नीमच का यह पहला दौरा है। जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी के साथ शहर के लोगों में भी बढा उत्साह है।



सीएम प्राइवेट बस स्टैंड से रोड शो करते हुए सभा स्थल दशहरा मैदान तक पहुंचेंगे। जहां जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जिले में करोड़ो रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर सभा स्थल, रोड शो के मार्ग व अन्य व्यवस्थाओं का मंगलवार रात में जायजा लेने विधायक दिलीप सिंह परिहार, कलेक्टर दिनेश जैन, एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया, एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ गुरु प्रसाद, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन आईपीएस सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सांसद गुर्जर 24 को मंदसौर आयेंगे, होगा भव्य स्वागत

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्यसभा सदस्य सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर 24 फरवरी को मंदसौर आयेंगे। यह उनका राज्यसभा सांसद बनने के बाद प्रथम आगमन होगा।



मंदसौर में प्रथम आगमन होने पर श्री गुर्जर के समर्थको ने उनके भव्य स्वागत की तैयारी की है। बताया गया है की श्री गुर्जर भगवान पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन करने के पश्चात शहर में भ्रमण कर बीजेपी कार्यालय जायेंगे।



## 54 किलो डोडाचूरा के साथ एक पंजाबी गिरफ्तार

**मल्हारगढ़, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से 54 किलो डोडाचूरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जो पंजाब का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिलने पर स्टेशन के पास ओवर ब्रिज के पहले दबिश दी गई। यहां एक युवक को रोककर तलाशी ली गई। जिसके पास डोडाचूरा मिला। आरोपी रवींद्र पिता सुबासिंह निवासी बरदौर जिला बरनाला पंजाब के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि डोडाचूरा प्रभूलाल पिता रामनारायण निवासी खोखरा से लाया गया था। डोडाचूरा को पंजाब ले जाया जाने वाला था। पुलिस ने दोनों आरोपियो को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है।

## नीमच नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मिलन...

# सर्वसम्मति से छह प्रस्ताव हुए पारित

## पार्षदों ने उठाए अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल

**नीमच, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को नीमच नगर पालिका का सम्मिलन पुरानी नगर पालिका बंगला नंबर 60 पर हुआ। सम्मिलन में नगर पालिका द्वारा 6 प्रस्ताव लाए गए थे। जिन्हें सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। वहीं सम्मिलन के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों का आक्रोश और विरोध भी देखने को मिला। इस दौरान पार्षदो ने अधिकारियो की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए।

दरअसल नगर पालिका की समस्याओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुछ पार्षदों का कहना था कि अधिकारी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं पार्षदों के फोन कई अधिकारी नहीं उठाते हैं। जिसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस पार्षदों ने उनके क्षेत्र में भेदभाव किए जाने, शहर में कुत्तों के आतंक, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे आदि को लेकर अपना विरोध प्रकट किया। भाजपा के पार्षदों ने इंजीनियर द्वारा फोन नहीं उठाने, वार्डों में र्साफ सफाई व्यवस्था चौपट होने जैसे शहर हित से जुड़े मुद्दे उठाए। बीजेपी पार्षद किरण शर्मा ने उनके वार्ड में 2 वर्षों में एक भी विकास कार्य नहीं होने की शिकायत की। नीमच सिटी रोड से अतिक्रमण हटाया गया था, पर फिर से लोगो द्वारा अतिक्रमण किए जाने। आवारा कुत्तों के आतंक को खत्म करने पर नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा पशु प्रेमियों की आड़ में आवारा कुत्तों की समस्या पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सम्मेलन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती चोपड़ा, नगर पालिका सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ, विपक्ष के नेता योगेश प्रजापति सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे।

# चेन स्नेचर 27 तक पुलिस रिमांड पर

## अन्य थानों की पुलिस लेगी प्रोडक्शन रिमांड

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में दिनदहाड़े एक साथ दो महिलाओं से चेन व मंगल सूत्र लूट की वारदात करने वाले 2 चेन स्नेचरो को पुलिस ने दबोचा था। बुधवार को दोनो को न्यायालय में पेश कर रिमांड की मांग की गई। जिस पर न्यायालय ने दोनो को 7 दिन अर्थात 27 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर सौंपा है। इधर प्रारंभिक पूछताछ में बदमाशो द्वारा बताई गई जानकारी के अनुसार जहां जहां उन्होंने वारदात की है। वहां की पुलिस भी अब प्रोडक्शन वारंट हासिल कर अपने यहां ले जाएगी।

बता दे की शहर कोतवाली क्षेत्र में एक ही दिन में 2 स्थानों पर चेन स्नेचिंग की वारदात हुई थी। जिसकी तफ्तीश के दौरान पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग मिला। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने मंदसौर से राजस्थान राज्य के प्रतापगढ तक कड़ी से कड़ी जोडकर आरोपियों का पता लगाने के प्रयास प्रारंभ किए। इस दौरान आरोपियों की पहचान प्रोफेशनल चेन स्नेचर्स जितेन्द्र उर्फ भीमा के रूप में हुई। पुलिस ने उसका पता लगाने का प्रयास किया तो पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पुन: किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना में मन्दसौर तरफ रवाना हुए हैं। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीमो द्वारा भी योजनाबद्ध तरीके से मन्दसौर प्रतापगढ रोड नाका नं. 10 पर घेराबंदी कर बाईक पर सवार दोनो आरोपियों जितेन्द्र उर्फ भीमा एवं ईशाक को गिरफ्तार कर लिया। अब दोनो आरोपियों को 7 दिन की रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। प्रतापगढ में भीमा के भतीजे को भी पुलिस तलाश रही है। जिसने दोनो बदमाशो को नशरण दी थी।

## सहायक सचिव पर कुकर्म का प्रकरण दर्ज

**सुवासरा, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने सीतामऊजनपद पंचायत के ग्राम पंचायत धलपट के सहायक सचिव श्याम भट्ट पर कुकर्म का प्रकरण दर्ज किया है। सहायक सचिव पर आरोप है की उसने गांव में रहने वाली एक महिला को आंगनवाड़ी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कुकर्म किया था। जिसके बाद महिला की उसके साथ कुकर्म करने की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 376 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है। पुलिस सहायक सचिव को तलाश रही है।

# हे राम... इतनी शिकायतों के बाद भी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा अपने मंडल अध्यक्ष क्यो नहीं बदल पा रही!

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी होने का दावा करती है। जनता के लिए निर्णायक भूमिका में जमीनी स्तर पर केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा बड़े नेताओं का उदार दिल एवं जनहित से अपना एक अलग नाता जनता रखने वाले नेताओं की भूमिका को अपने नेताओं के तौर पर देखती है। किंतु विगत कुछ माह से मंडल के नेताओं की भूमिका जनता के लिए निर्णायक साबित नहीं हो रही है। अब तो जनता भी कहने लगी है कि 'हे राम, इतनी शिकायतो के बाद भी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा अपने मंडल अध्यक्षो को क्यों नहीं बदल पा रही है!'

सत्ताधारी पार्टी के क्षेत्रीय नेता एवं कार्यकर्ता यदि अपने ही मंडल अध्यक्ष व नेताओं से खुश नहीं है तो जिम्मेदार नेताओं को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। जमीनी स्तर पर पार्टी के जिम्मेदार एवं बड़े नेताओं तथा उनसे जुड़े सगठन को फीडबैक लेना चाहिए। केवल हवा में ऊपरी स्तर के नेताओं ओर संगठन के पदाधिकरियो को गुमराह नहीं करना चाहिए। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेताओं से चर्चा कर पार्टी के हित में निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि, चुनाव के समय तो वही कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता दौड़ भाग करता है। मंडल अध्यक्षों का अपने कार्यकर्ता एवं जनता के प्रति जो रवैया है, उनकी जो छवि है। वह जग जाहिर है? बड़े नेताओं को भी पता है? किंतु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। पार्टी लिए यह ठीक नहीं है.? जिससे आने वाले समय में कोई पार्टी का कार्यकर्ता व स्थानीय नेता अपने ही पार्टी के लिए कार्य करने के लिए आतुर नहीं दिखाई देगा। जिससे पार्टी को भविष्य में बड़ा नुकसान होने की आशंका से इनकार नही किया जा सकता है।

### क्यों नहीं बदले जा रहे मंडल अध्यक्ष...

भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे लोकतांत्रिक पार्टी के रूप में जनता में विश्वास जमाए हुए है। प्रदेश के नेता तथा केंद्र में मोदी सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है। लेकिन, यदि ग्रामीण क्षेत्र की बात की जाए तो सबसे ज्यादा जनता एवं कार्यकर्ता तथा स्थानीय नेता मंडल अध्यक्षो से दुखी ओर खफा है। उनकी कार्य प्रणाली अपने पार्टी हित मे ओर जनहित में कदापि नहीं रही है। यह हाल पूरे मंदसौर जिले के मंडल अध्यक्षो का है? यह व्यक्तिगत तौर पर अपने पावर का उपयोग पार्टी हित मे नही अपने हित मे करते है? यह उन्हीं लोगों का साथ दे रहे हैं, जिन लोगो को जनता पसंद नहीं करती है। ऐसे में पार्टी के बड़े नेताओं को ध्यान देना चाहिए और इन मंडल अध्यक्षों को लोकसभा चुनाव से पहले बदलने की कवायद शुरू करना चाहिए। जिससे कि लोकसभा चुनाव में जनता का नाता सीधे बड़े नेताओ से जुड़ सके। मंडल अध्यक्षो की गलतियो का खामियाजा लोकसभा उम्मीदवार को नहीं भुगतना पड़े?

# नर्सिंग कालेजों की जांच अब रिटायर्ड जज करेंगे, सुनवाई आज

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े मामले में मंदसौर जिले सहित कई नर्सिंग कॉलेज विद्यार्थियों को परीक्षा का इंतजार है। इसको लेकर मंदसौर सहित प्रदेशभर में विद्यार्थी आंदोलन भी कर चुके हैं। अब नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले में हाईकोर्ट ने अहम व्यवस्था दी है। कॉलेजों की जांच अब रिटायर्ड जज आरके श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी। इसकी रिपोर्ट और सुझाव हाईकोर्ट में पेश होंगे। फर्जीवाड़ा करने वाले अपात्र कॉलेजों पर कड़ी कार्रवाई होगी। मामले में सुनवाई आज 22 फरवरी को होगी।

जस्टिस संजय द्विवेदी ओर एके पालीवाल की विशेष युगलपीठ ने सुनवाई कर कमेटी गठित करने के आदेश दिए। कमेटी को हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अपात्र नर्सिंग कालेजों को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। तीन से अधिक फैकल्टी डुप्लिकेशन होने पर प्रति फैकल्टी 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाएं।

दरअसल लॉ स्टूडेंटस एसोसिएशन ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संबद्धता में फर्जीवाड़ा का खुलासा कर जनहित याचिका लगाई थी। आरोप था, एक-दो कमरों वाले भवनों में कॉलेज की अनुमति दी गई। फैकल्टी के नाम पर फर्जीवाड़ा कर कई प्राध्यापकों व सहायक प्राध्यापकों को एक से अधिक कॉलेजों में दिखाया गया। हाईकोर्ट ने सीबीआइ से जांच कराने के आदेश दिए। इसमें गड़बड़ी का खुलासा हुआ।

# कमल नाथ की विश्वसनीयता प्रभावित, दिग्विजय सिंह ने संभाला राहुल की यात्रा का जिम्मा

**भोपाल, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के दलबदल की अटकलों पर भले ही विराम लग गया हो पर कांग्रेस संगठन के भीतर उनकी विश्वसनीयता अवश्य प्रभावित हुई है। यह पूरा घटनाक्रम तब हुआ जब कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश में आने वाली है। कमल नाथ समर्थकों की बेरुखी का असर यात्रा पर न पड़े, इसके लिए दिग्विजय सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। पार्टी हाईकमान ने अब राहुल की यात्रा की मध्य प्रदेश की बागडोर दिग्विजय सिंह को सौंप दी है। वह राजगढ़ व गुना के बाद तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को ग्वालियर और मुरैना पहुंचे।



बता दें, यात्रा राजस्थान के धौलपुर से मध्य प्रदेश में दो मार्च को प्रवेश करेगी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद कमल नाथ प्रदेश की राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं। मई, 2018 से बीते साल दिसंबर तक वह पार्टी अध्यक्ष रहे। सभी बड़े कार्यक्रमों में कमल नाथ और दिग्विजय सिंह की भागीदारी दिखती थी। लेकिन, भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहला अवसर है जब दिग्विजय सिंह सारी जिम्मेदारी उठाए हैं और कमल नाथ परिदृश्य से बाहर हैं।

यात्रा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने जो समितियां बनाई हैं, प्रत्यक्ष तौर पर उनकी बैठकों में भी कमल नाथ कभी शामिल नहीं हुए। कुछ दिनों से उनके दलबदल की अटकलें भी तेज हुई, जिससे न्याय यात्रा की तैयारियां पीछे छूट गई और सभी नेता संभावनाओं को टटोलने, विधायक और पदाधिकारियों से संपर्क साधने में जुट गए। कमल नाथ ने आगे बढ़कर अटकलों को थामने के लिए स्वयं कोई पहल भी नहीं की। इससे निश्चित तौर पर उनकी विश्वसनीयता भी प्रभावित हुई। हालांकि, मंगलवार को यात्रा की तैयारी को लेकर हुई बैठक में कमल नाथ भी वर्चुअली शामिल हुए और कहा कि मैं यात्रा में शामिल रहूंगा।

यात्रा को सफल बनाने के लिए दिग्विजय सिंह लगातार कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उनके ही समर्थक माने जाते हैं और उनके अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी संगठन का यह पहला बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है, इसलिए भी उनकी सक्रियता अधिक है। जीतू पटवारी यात्रा मार्ग में आने वाले जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। यात्रा दिग्विजय सिंह के प्रभाव वाले और गृह क्षेत्र राघौगढ से गुजरेगी। राघौगढ से उनके पुत्र जयवर्धन सिंह विधायक हैं। यहां राहुल गांधी का रोड शो भी रखा गया है।

### लोकसभा चुनाव पर नजर...

दिग्विजय सिंह की नजर लोकसभा चुनाव पर भी है। राजगढ़ से प्रियव्रत सिंह को चुनाव लड़ाया जा सकता है। उनका विधानसभा क्षेत्र खिलचीपुर इसमें आता है। हालांकि, वह विधानसभा चुनाव हार गए थे। उनका नाम दावेदारों की सूची में है। राजगढ संसदीय क्षेत्र में ही राघौगढ भी आता है। गुना लोकसभा क्षेत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रभाव क्षेत्र है, इसलिए इस क्षेत्र में भी दिग्विजय सिंह विशेष रुचि दिखा रहे हैं।

## तेंदुए ने किया युवक पर हमला

**मल्हारगढ़, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में एक तेंदुए को देखा गया। हालांकि अधिकारिक रूप से तेंदुआ होने की पुष्टी नहीं हुई है। इसके बाद वन विभाग का अमला इसे पकड़ने के लिए पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ रोड पर तेंदुए जैसे दिखने वाले जंगली जानवर के होने की सूचना मिली। इसके बाद कुछ लोग इसका वीडियो बनाने पहुंचे। इसी दौरान एक युवक निलेश पर जानवर ने हमला कर दिया। इसके बाद युवक को अस्पताल ले जाया गया। इधर सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन अमला जंगली जानवर को खोजकर पकडने का प्रयास कर रहा है।



# जुए की फड़ पर पुलिस की दबिश

## नौ जुआरी धराए, 30 हजार नगद और मोबाईल-बाइक जप्त

**नारायणगढ़, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने मुखबीर सूचना पर ग्राम लाल सिंह का खेड़ा में संचालित जुए की फड़ पर दबिश दी। इसमें पुलिस ने 9 जुआरियों के साथ इनके कब्जे से करीब 30 हजार नगद, मोबाइल फोन और बाइक बरामद की है।

नारायणगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को डूब क्षेत्र से लगे गांव लाल सिंह का खेड़ा में बड़ी मात्रा में जुआरियों के एकत्रित होने और जुआ घर संचालित होने की खबर मिली थी। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम बनाकर गांव के डूब क्षेत्र किनारे दबिश देते हुए मौके से रईस खान, शहजाद हुसैन, सिराज मंसूरी, मांगीलाल बागरी, राजू बागरी, रमेश बागरी, दीपक राठौड़, शालिग्राम मेघवाल, श्याम सिंह सोंधिया को जुआ खेलते हुए पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 29 हजार 500 रूपए नगद, 7 मोबाइल फोन और 4 बाइक बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ नारायणगढ़ पुलिस ने जुआ एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है।

# लोकसभा चुनाव में कौन होगा कांग्रेस उम्मीदवार?

## कांग्रेस के पेनल में सोमिल, विपीन, राकेश

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने मध्यप्रदेश की 29 में से 26 सीटों पर नामों के पैनल तैयार कर लिए हैं। 6 सीटों पर सिंगल नाम भेजे गए हैं। जबकि, 14 लोकसभा सीटों पर 2-2 नाम हैं। चार सीटों पर 3-3 नाम शामिल किए हैं। ग्वालियर-चंबल की 2 सीटें ऐसी हैं, जहां पैनल में 5-5 नाम हैं। मंदसौर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस में टिकिट के लिए सोमिल नाहटा, विधायक विपीन जैन और राकेश पाटीदार का नाम शामिल है। इन तीनों में से एक नाम पर मुहर लग सकती है।

**सोमिल के अवसर ज्यादा...**

इन तीनों नामों में सोमिल के नाम पर मुहर लगने के आसार ज्यादा लग रहे हैं। इसका कारण है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष और विधायक विपीन जैन लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड में नजर नहीं आ रहे। इस संबंध में उन्होंने बयान भी दिया था। राकेश पाटीदार दो बार सुवासरा विस चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। लेकिन, दोनों ही बार उन्हें तगड़ी हार का सामना करना पड़ा। सोमिल नाहटा कांग्रेस में सक्रिय होने के साथ ही युवा समर्थकों की फौज अपने साथ लिए हुए है। इसके अलावा नरेंद्र नाहटा के मनासा में भी समर्थक हैं। वहीं सोमिल सिर्फ एक ही बार नगरपालिका चुनाव हारे हैं। उसमें भी हार-जीत का अंतर काफी कम था। इस तरह से सोमिल के नाम पर मुहर लग सकती है।

**13 सीटों के पैनल में 14 विधायक, एक में महापौर का नाम...**

एमपी की 29 में से 13 सीटें ऐसी हैं, जहां उम्मीदवारों के पैनल में 14 विधायक और एक महापौर का नाम है।





जिसमें मंदसौर सीट से विपिन जैन (विधायक, मंदसौर) का नाम पैनल में है। इसी तरह से रीवा सीट से महापौर अजय मिश्रा बाबा का सिंगल नाम आया है।

**भूरिया पर फिर दांव लगा सकती है कांग्रेस...**

रतलाम-झाबुआ सीट से कांग्रेस एक बार फिर कांतिलाल भूरिया पर दांव लगा सकती है। वे पिछला चुनाव जीएस डामोर से हार गए थे, लेकिन पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा और हर्ष विजय गहलोत का नाम भी पैनल में है। बावजूद भूरिया पर कांग्रेस दांव लगा सकती है। इसी तरह, नर्मदापुरम से पूर्व विधायक संजय शर्मा को एक बार फिर मौका मिल सकता है। वे विधानसभा चुनाव तेंदूखेड़ा से हार गए थे।



# वाल्मीकि समाज के युवा हर क्षेत्र में प्रगति कर रहे है-सांसद

### वाल्मीकि समाज का प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संत शिरोमणि नवलदासजी वाल्मीकि ट्रॉफी मंदसौर के तत्वावधान में द्वितीय प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पशुपतिनाथ मंदिर मेला ग्राउंड में 21 से 28 फरवरी तक किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में देश के चार प्रदेशों की टीम हिस्सा ले रही है तथा प्रथम पुरस्कार 41 हजार रू. एवं द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रू. रखा गया है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 फरवरी को मुख्य अतिथि सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने किया। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते है। वाल्मीकि समाज पुरुषार्थी समाज है। इस समाज के युवा हर क्षेत्र में प्रगति कर रहे है। सकल वाल्मीकि समाज अध्यक्ष राजाराम तंवर ने कहा कि इस 8 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से वाल्मीकि समाज की टीमें भाग ले रही है। समाज के युवाओं में इस टूर्नामेंट हेतु काफी उत्साह है। इस अवसर पर पटेल मुकेश चनाल, चौधरी नरेश परमार, भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण मंडल अध्यक्ष विक्रम भेरवै, कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष संदीप सलोद, प्रकाश तंवर, श्यामलाल चनाल, प्रकाश कल्याणे, घीसालाल केसरिया, नाहरु खा, प्रकाश डागर, मुकेश घारु, विनोद खैरालिया, आयोजक समिति थानसिंह घावरी, मनोहर फतरोड, सतीश खैरालिया, अजय चनाल, रवि डागर, शक्ति डागर, राहुल डागर आदि उपस्थित रहे।

**पहले दिन हुए तीन मैच-** टेनिस बॉल से खेले जा रहे 10-10 ओवर के इस क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच मंदसौर व साखतली टीम के बीच आयोजित हुआ। जिसमें मंदसौर की टीम विजेता रही। दूसरा मैच मंदसौर व भवानीमंडी के बीच हुआ। जिसमें भवानी मंडी ने जीत दर्ज की दोनों मैचों की विजेता टीम मंदसौर एवं भवानीमंडी के बीच तीसरा मैच हुआ। जिसमें भवानीमंडी ने जीतकर सुपर सिक्स में प्रवेश किया।

# मौसम में होगा बदलाव

## तापमान में फिर गिरावट के आसार

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में मौसम बदला हुआ है। प्रदेश के बाकी हिस्सों में मौसम सामान्य बना हुआ है। जिले में अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले तीन चार दिन तापमान में एक बार फिर गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा।

मौसम विभाग भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले दिनों दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हुए। इनकी वजह से चक्रवाती हवाओं का घेरा भी बना रहा। उत्तर भारत में 280 से 290 किमी की रफ्तार से जेट स्ट्रीम भी चल रही है। जेट स्ट्रीम का असर तो प्रदेश में कम है, लेकिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से बारिश का दौर है। इधर मंदसौर एवं अंचल में लोगो को अभी से दोपहर में तेज गरमी का असर दिख रहा है।

## कुमावत समाज की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कुमावत समाज के निर्वाचन अधिकारी के के सिंह भाटी एडवोकेट ने बताया कि कुमावत समाज नरसिंहपुरा के चुनाव पूर्व मतदाता सूची के पूर्नरीक्षण (नाम जोडने व हटाने) की प्रक्रिया के तहत दिनांक 21 फरवरी से 27 फरवरी 2024 तक प्रतिदिन शाम को 7 से 9 बजे तक कुमावत समाज के पात्र मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुडवा सकते है। कुमावत धर्मशाला नरसिंहपुरा में उपस्थित सदस्यता शुल्क नाम जुडवा सकते है। तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम में से यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो गई है तो उसका नाम मतदाता सूची से कम किया जाना है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2024 को किया जाएगा। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। यदि चुनाव कराना आवश्यक हुआ तो मतदान संभवत: 10 मार्च को हो सकता है।

# मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु व्याख्यान सम्पन्न

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रियदर्शिनी इंदिरागाँधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के ग्रसित व्यक्तियों के मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु परामर्शी क्रियान्वयन को दृष्टिगत रखते हुए सिफारिश बिन्दुओं पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसके विषय विशेषज्ञ डा.प्रहलादजी पाटीदार मनोरोग विशेषज्ञ श्री सिद्धि विनायक हास्पिटल मंदसौर आपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए छात्राओं को स्ट्रेस, साइकोसिस, हेलोसिनेशन, वरच्युल ऐडिक्शन जैसी मानसिक अव्यस्थाओं से अवगत कराया। आपने राष्ट्रीय मानसिक हैल्थ एक्ट-2017 से भी छात्राओं को अवगत कराया। आपने बताया कि थक्ज ने पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति उसी को मानती है जो मानसिक रूप से भी स्वस्थ हो। क्योंकि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति अपनी प्रोडक्टिविटी तो खो देता है साथ ही अपने परिवार को भी अनप्रोडक्टीव बना देता है। आज हमारे सभी शासकीय अस्पतालों में मन कक्ष बनाये गये हैं जहां एक मनोरोग विशेषज्ञ एक नर्स उपलब्ध होते है। साथ ही आत्महत्या दर को कम करने के लिए सरकार द्वारा 247 एक हैल्पलाईन चलाई जा रही है जिसका नंबर 144016 है। ये सुविधा प्रदेश में इन्दौर व ग्वालियर में क्रियान्वित है। साथ ही आउट रिच प्रोग्राम में दलौदा, मल्हारगढ, नारायणगढ सभी जगह उपचार किया जाता है मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यक्ति दवाओं के माध्यम से भी अपनी पूर्ण स्वास्थ्य लाभ पा सकता है। आपने बताया कि मेन्टल हैल्थ का वैक्सिन है सामाजिक सरोकार है। सही समय पर यदि व्यक्ति को उपचार प्राप्त हो जाये तो सभी मानसिक विकृतियाँ उपचारित की जा सकती है। युवा पीढ़ी से ये अनुरोध किया कि फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाटसअप पर दूसरों के स्टेटस और पोस्ट देखकर अपने आपको कम्पेअर ना करें।

विषय प्रवर्तन करते हुए डा.पी.एल.पाटीदार ने कहा कि 21वी सदी सूचना प्रौद्योगिकी की सदी है जिसमें सूचनाओं का प्रवाह तेजी से हो रहा है। 5 जी तकनीक विस्तार के साथ का प्रवाह तेजी से हो रहा है। 5 जी तकनीक विस्तार के साथ डिजीटल संसार गतिशील है लेकिन इसके साथ ही सामाजिक जीवन में कोलाहल है और लोगों की संवेदनायें भावहीन सी होती जा रही है। भारत सहित समुची दुनिया दोस्ती की मंदी यानी सच्चे दोस्तों की कमी से जुझ रही है। यह एक गंभीर संकट है। आज हम आवासी दुनिया की खोजों में चैटिंग, फोटो सेविंग, कमेंट, लाईन्स आदि में सुकुन खोज रहे है। भारत में समाज में बढ़ते हुए मानसिक तनाव, अवसाद एवं चिड़चिडाहट से पिछले दशक में आत्महत्याओं की संख्या में 70 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसे समाज व्यक्तिगत क्रिया मानता है। लास एंजिल्स के केलिफोर्निया के मनोचिकित्सक प्रा.जोसेलिन मैजा कहती है कि हम व्यक्तिगत लक्षणों पर ध्यान दे रहे है जबकि कारण प्रणालीगत है। अत: इस चिंता को समय की उपलब्धता, कार्य की प्रक्रति एवं सामाजिक जीवन शैली क संगीत से ठीक किया जा सकता है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर हुआ। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने कहा कि हमें सामाजिक सरोकार बढ़ाना चाहिए। यह मानवीय संवेदनाओं से ही संभव है। भौतिक संसार की आपाधापी से नहीं। कार्यक्रम का संचालन डा.अनुराग आर्य ने किया और आभार प्रदर्शन डा.अंजली जैन ने किया।



# गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाया सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई के दो और विद्यार्थियों ने अपना नाम

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग लगातार कई क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों को दर्ज करवा रहा है। इसी श्रृंखला में विद्यालय की बहन भक्ति राठौर और बहन प्रांजल वर्मा ने खजुराहो नृत्य समारोह जिसमें 1484 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की थी उसमें अपना अनूठा प्रदर्शन देते हुए गिनीज बुक अवार्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाकर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। बहनों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सरस्वती विहार शैक्षणिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्या सुश्री लक्ष्मी राठौड़ व समस्त आचार्य परिवार ने बधाई देते हुए बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैसा कि ज्ञात है कि पूर्व में विद्यालय के भैया कृष जैन व भैया केशव सिसोदिया अपना नाम गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवा चुके हैं।

# प्राणिकी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राणिकी विभाग द्वारा आईक्यूएसी अकादमिक उत्कृष्टता गतिविधियों के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर कम्युनिकेशन इन एनिमल वर्ल्ड विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन दिनांक 21 फरवरी 2024 को किया गया!

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा, डॉ. प्रहलाद दुबे सेवानिवृत्ति प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कोटा राजस्थान एवं प्राणिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप सोनगरा ने दीप दीपन कर शुरू किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी ने इस व्याख्यान के लिए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही विद्यार्थियों को पशु पक्षियों एवं जीव जगत के संचार को समझने और उनसे जुडे रहने के लिए प्रोत्साहित किया। व्याख्यान के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्माद्वारा विद्यार्थियों कोइस प्रकार के व्याख्यान में आगे भविष्य में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया!

प्राणिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप सोनगरा ने अतिथियों का स्वागत कर साथ ही इस आयोजन का उद्देश्य भी बताया और कहा कि भाषा संचार का अभिन्न अंग है मनुष्य द्वारा अभिव्यक्ति और संचार मानव जाति के इतिहास के विकास की अद्भुत उपलब्धि है जिसके माध्यम से वह अपने विचारों का आदान-प्रदान करने की क्षमता रखते हैं इस विषय में जानना अत्यंत महत्वपूर्ण है पशु संचारक वह व्यक्ति होता है जिसने किसी पशु पक्षी के विचारों को सुनने, उनकी भावनाओं के साथ सहानुभूति रखने और उनके साथ दयालुता पूर्वक संवाद करने के लिए प्रशिक्षित किया है ताकि यह समझ सके कि वे वास्तव में कैसा महसूस करते हैं। व्याख्यान के विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रहलाद दुबे द्वारा अपने व्याख्यान में यह बताया गया कि अधिकांश पशु पक्षी एक दूसरे के साथ और अन्य प्रजातियों के साथ संवाद करने के लिए स्वरबद्ध ध्वनियों का उपयोग करते हैं। इन संचार करने के तरीकों को विकसित करने में पशु पक्षियों को भी करोड़ों साल लगे मनुष्य और एनिमल दोनों संवाद करने में सक्षम हैं, लेकिन केवल मनुष्य ही भाषा का उपयोग करते हैं। जंगलों में पशु पक्षी कई अलग-अलग तरीकों से संवाद कर सकते हैं साथ ही केवल अपने भावों की अभिव्यक्ति के द्वारा भी आपस में संचार करते हैं।

# डाक विभाग व्दारा पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**नीमच, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय डाक विभाग व्दारा अंतर्राष्ट्रीतय स्तईर पर 9 से 15 वर्ष आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जावेगा। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय है। 150 साल पुराने वैश्विक डाक संघ(यूपीयू) ने आठ पीढियों से अधिक समय तक दुनिया भर के लोगों की सेवा की है। तब से दुनिया काफी बदल गई है। आने वाली पीढियों को उस दुनिया के बारे में एक पत्र लिखें जिसके बारे में आप आशा करते है कि वे उन्हें विरासत में मिलेंगी।

इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र अधीक्षक डाकघर, मंदसौर संभाग, मंदसौर को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 5 मार्च 2024 है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राएं अंग्रेजी अथवा हिंदी भाषा में पत्र लेखन कर सकते है। अंतर्राष्ट्री4य पत्र लेखन प्रतियोगिता 202, संभागीय स्त र पर 10 मार्च 2024 (रविवार) को सुबह 10 से 11 बजे तक आयोजित की जावेगी। परिमंडल स्तंर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम, व्दितीय एवं तृतीय पुरस्क्र के रूप में क्रमश: 25 हजार रूपये एवं 5 हजार रूपये तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। राष्ट्रीमय स्त र पर प्रथम, व्दितीय एवं तृतीय पुरस्कारर के रूप में क्रमश: 50 हजार रूपये, 25 हजार रूपये एवं 10 हजार रूपये तथा एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीशय स्त0र पर यूनिवर्सल पोस्ट5ल यूनियन विजेता प्रविष्ठियों को चयनित करेगा तथा सर्वोत्तम 3 प्रविष्ठियों को स्व्र्ण, रजत एवं कांस्यत पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। साथ ही वैश्विक डाक संघ व्दारा चयनित प्रतिभागियों को अन्य पुरस्कार भी प्रदाय किए जाएंगे। स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को वैश्विक डाक संघ के मुख्यालय बर्न, स्विट्जरलैंड की यात्रा करने का प्रस्तालव या एक वैकल्पिक पुरस्का र यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के विवेकाधिकार पर निश्चित किया जावेगा। अत: 9 से 15 वर्ष आयु तक के सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए विस्तुत जानकारी नोडल अधिकारी श्री दिलीप कुमार गुप्ताो, सहायक अधीक्षक(भ्रमण) से मोबाईल नम्बदर 7587598470 पर प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट http:// www.indiapost.gov.in पर उपलब्ध है।

# मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष जैन ने की तहसील अध्यक्षो की घोषणा

### हेमंत शर्मा मनासा, विपीन पुरोहित जीरन, विनोद धनोतिया रामपुरा, मुकेश सिंहल नीमच, आशीष बैरागी जावद , सुरेश साहु सिंगोली तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**सिंगोली, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश मे पत्रकारो के सबसे बड़े रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन की अनुसंसा पर जिला महासचिव चैनसिंह सोलंकी ने नीमच जिले की सभी तहसील अध्यक्षो को मनोनित कर विधिवत घोषणा की। महासचिव चैनसिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया की मनासा तहसील अध्यक्ष हेमंत शर्मा, जीरन तहसील अध्यक्ष विपीन पुरोहित, रामपुरा तहसील अध्यक्ष विनोद धनोतिया, नीमच तहसील अध्यक्ष मुकेश सिंहल पार्टनर, जावद तहसील अध्यक्ष आशीष बैरागी, तो सिंगोली तहसील अध्यक्ष सुरेश साहु रतनगढ़ को मनोनित किया गया है। जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन एवं जिला महासचिव चैनसिंह सोलंकी ने सभी नव नियुक्त तहसील अध्यक्षो को बधाई देते हुए संगठन के लिए सक्रियता के साथ काम करने की बात कही।

# मातृभाषा से ही हमारे संस्कार पल्लवित एवं पुष्पित होते है- डा. महाराणा

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय संजीत मार्ग, मंदसौर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, मंदसौर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभाषा में जीवन व्यवहार और शिक्षा पर केंद्रित गतिविधियों के अंतर्गत लेखन प्रतियोगिता व तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निशा महाराणा ने मातृभाषा का महत्व बताते हुए कहा की मातृभाषा से ही हमारे संस्कार पल्लवित एवं पुष्पित होते हैं। मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने पर सीखना और सिखाना दोनों आसान होता है। शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों को अतिरिक्त श्रम नहीं करना पड़ता। प्रशिक्षणार्थियों ने तात्कालिक भाषण व लेखन प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ़ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 28 | 2180 | 2480 |
| उडद | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 2941 | 3800 | 4560 |
| गैहु | 2200 | 2000 | 3340 |
| चना | 151 | 45000 | 5651 |
| मसुर | 490 | 5211 | 5747 |
| धनिया | 967 | 4900 | 6500 |
| लहसुन | 20000 | 5000 | 16200 |
| मैथी | 225 | 5000 | 5960 |
| अलसी | 434 | 4610 | 5066 |
| सरसो | 2539 | 3450 | 4912 |
| तारामीरा | 5 | 4560 | 4560 |
| इसबगोल | 0000 | 0000 | 0000 |
| प्याज | 99 | 866 | 1961 |
| कलोंजी | 1 | 11780 | 11780 |
| डॉलर | 2 | 3610 | 3900 |
| तिल्ली | 2 | 11700 | 13952 |
| मटरसुखी | 9 | 2400 | 4785 |
| असालीया | 454 | 55000 | 7106 |

# राष्ट्रीय सेवा योजना साप्ताहिक शिविर प्रारम्भ

**सीतामऊ, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** डॉ.रघुवीर सिंह शासकीय महाविद्यालय सीतामऊके तत्वाधान में 20 फरवरी से राष्ट्रीय सेवा योजना साप्ताहिक शिविर ग्राम लदुना में आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के साथ विपरीत परिस्थिति में जीने की सीख देना है।

प्रथम दिवस कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.के.भट्टद्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रचलन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी श्री पंकज पाटीदार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का



शुभारंभ करते हुए छात्र-छात्राओं को एनएसएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा बताया की कैंप के माध्यम से लदुना में सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे। जिनमें बेटी पढ़ाओ- बेटी बढ़ाओ, स्वच्छता, नशा मुक्ति, स्त्री शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन से संबंधित कार्यक्रम होंगे। इसी क्रम में महाविद्यालय के डॉ. राजेश कुमार वैष्णव ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाकर पर्यावरण संरक्षित करना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए पर्यावरण या प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस लदुना ग्राम में जागरूकता रैली तथा श्रीराज सिंह संग्रहालय लदूना- इकाई श्री नटनागर शोध संस्थान सीतामऊका भ्रमण किया गया। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ.प्रशांत पुराणिक, जिला संगठन के.आर.सूर्यवंशी तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. डी.के.भट्ट मार्गदर्शन में किया जा रहा है।कार्यक्रमों में महाविद्यालय के श्री मंगल जोशी, एन.एस.एस इकाई के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या ग्रामवासी ने सहभागिता की।



# कार्यालय नगर परिषद भानपुरा जिला मंदसौर मप्र

क्रमांक / 218/न.प./2024 भानपुरा दिनांक – 19.02.2024

## भवन/भूमि स्वामियों का नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -नगर पालिका अधिनियम 1968 की धारा 150-151 के अंतर्गत इस कार्यालय मे निम्नानुसार आवेदन/ आवेदकगणो द्वारा नगर परिषद रिकार्ड में दर्ज निम्नानुसार आधारों पर गृह स्वामियो ने अपने नाम के सम्मुख दर्षित माध्यम अनुसार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन (प्रकरण) प्रस्तुत किया है। परिवर्तन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के उपरांत आवेदन/आवेदकगणो का नाम रजिस्टर हाउस में संबंधित गृह क्रमांक पर अंकित किया जावेगा और आपकी कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्रं. | प्र.क्रं. | हस्तातरणकर्ता का नाम | हस्तांतरितती का नाम | हस्तांतरित की जाने वाली सम्पत्ति | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | जगदीश पिता शंकरलाल | भागुबाई पति जगदीश, शुभम पिता जगदीशचंद्र भट्ट | भवन क्रमांक 2474 कंकाली माता वार्ड क्रमांक 02 | रजि. दानपत्र |
| 2 | 16 | सुभाष पिता बौथलाल भंडारी | चन्द्रकुमार फूलचंद्र जैन | भूमि सर्वे क्रमांक 1316/1 पैकि रकबा 0.004 हे. याने 390 वर्गमीटर चंबल चौराहा, वार्ड 01 | विक्रय पत्र |
| 3 | 17 | कस्तुरचंद कंवरलाल राठौर | मांगीबाई पति कस्तुरंचंद्र राठौर | भवन क्रमांक 1175/1 खटीक मोहल्ला | वंशानुक्रम |
| 4 | 18 | प्रभुलाल नारायण मेहर | कलाबाई प्रेमचंद मेहर | भवन क्रमांक 1161/2 का भाग, खटीक मोहल्ला | रजि. दानपत्र |
| 5 | 19 | भवानीशंकर माधुजी तम्बोली | कमला मोहनलाल | भवन क्रमांक 72 तम्बोली मोहल्ला, वार्ड 03 | विक्रय पत्र |
| 6 | 20 | कंवरलाल पिता किशनलाल | भवानीशंकर हीरालाल दुर्गाबाई पिता कंवरलाल | भवन क्रमांक 498 जगदीश मंदिर के पास | वंशानुक्रम |
| 7 | 21 | कपिल श्रीवास्तव सुरेन्द्रकुमार | रवि पिता श्यामलाल मंगरोलिया | भूमि सर्वे क्रमांक 1188/18 रकबा 0.006 हे. में से पैकि रकबा 0.003 हे. याने 308 वर्गफीट हनुमान गढ़ी वार्ड 15 | विक्रय पत्र |
| 8 | 22 | ऋतुराज लालचंद्र चौरड़िया | अब्दुल युसुफ अब्दुल वाहब | भूमि सर्वे क्रमांक 1351/1पैकि रकबा 0.005 हे. अर्थात 575 वर्ग फीट श्री राम मंदिर एरिया वार्ड 02 | विक्रय पत्र, डायवर्शन |
| 9 | 23 | सत्यनारायण बंशीलाल मरमट | मनोहरलाल पिता गोवर्धनलाल | भूमि सर्वे क्रमांक 1303, 1304/मिन5 रकबा 0.007 हे. याने 770 वर्गफीट तिजोरी कालोनी, वार्ड 01 | विक्रय पत्र |
| 10 | 24 | मोहनलाल कुशीलाल | घनश्याम, प्रेमबाई, चंद्रकला, मंजूबाई पिता मोहनलाल, उषाबाई पति राजेन्द्र | भवन क्रमांक 2184 तिवारी गली वार्ड 13 | वंशानुक्रम |
| 11 | 25 | मोहनलाल कुशीलाल | घनश्याम, प्रेमबाई, चंद्रकला, मंजूबाई पिता मोहनलाल, उषाबाई पति राजेन्द्र | भवन क्रमांक 221/1 नवीन बस स्टेण्ड वार्ड 03 | वंशानुक्रम |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विनोद शिव भानपिया | रेहाना डॉ. जाकिर | मकसूद अंसारी | मोहम्मद अशफाक |
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | प्रभारी राजस्व | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
| नगर परिषद भानपुरा | नगर परिषद भानपुरा | नगर परिषद भानपुरा | नगर परिषद भानपुरा |

# स्वच्छ भारत मिशन में मध्यप्रदेश ने देश भर में श्रेष्ठता का परचम फहराया

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता को हमेशा श्रेष्ठ स्थान पर रखा। महात्मा गांधी देश में आधुनिक तरक्की के साथ-साथ स्वच्छ भारत की कल्पना भी करते थे। महात्मा गांधी स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि स्वच्छ भारत से ही पूरी दुनिया में भारत की अच्छी पहचान बनेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के इस सपने को पूरा करने के लिए वर्ष 2014 से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। उनके इस जन आंदोलन से स्वच्छ भारत मिशन में कचरे और कचरे में काम करने वाले लोगों के प्रति सोच बदली है। मध्यप्रदेश के सभी शहरों ने इस दिशा में पिछले 9 वर्षो में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास किये हैं। नागरिकों के सकारात्मक प्रयासों से व्यक्तिगत शौचालय, सार्वजनिक शौचालय सुविधा, अपशिष्ट प्रबंधन आदि मध्यप्रदेश में स्वच्छता जनआंदोलन को नई गति मिली है।

**स्वच्छता के मामले में इंदौर बना देशभर में ब्रांड अम्बेसडर**-देश में जब भी स्वच्छ शहरों की बात होती है तो लोग इंदौर का जिक्र जरूर करते है। इंदौर पिछले 7 वर्षो से सारे हिन्दुस्तान में सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में पहला पुरस्कार प्राप्त कर रहा है। अब इंदौर स्वच्छता के मामले में देश में ब्रांड अम्बेसडर बन गया है। इस पुरस्कार को लगातार प्राप्त करने में इंदौर के नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। नागरिक अब शहर की स्वच्छता को लेकर सजग और जागरूक हुये है। शहर को स्वच्छ रखने के महत्वपूर्ण कार्य में वे प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे है। पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए कार्बन उत्सर्जन को सीमित और कम करने के प्रयास किये जा रहे है। इंदौर शहर में इस मामले में आय भी प्राप्त की जा रही है। कार्बन क्रेडिट से राशि अर्जित करने वाला इंदौर देश का पहला शहर है।

**स्वच्छ राज्य के रूप में मध्यप्रदेश की पहचान**-स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2023 में श्रेष्ठ राज्य के रूप में देशभर में दूसरे स्थान की रैकिंग प्राप्त की है। इस वर्ष राज्य के 6 शहरों ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में सफाई के मापदण्डों के अनुसार केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्टार रेटिंग भी दी जाती है। राज्य के कई शहरों ने अच्छी रेटिंग प्राप्त कर अपनी जगह बनाई है।

**ओडीएफ सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले शहरों की संख्या बढ़ी**-प्रदेश में ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले निकायों की संख्या वर्ष 2023 में 361 हो गई है। वर्ष 2022 में यह संख्या 324 हुआ करती थी। इसी के साथ मलजल प्रबंधन के मामले में 6 शहरों को वॉटर प्लस प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। प्रदेश में खुले में शौच को स्थायी रूप से रोकने के लिए 5 लाख 79 हजार से अधिक जरूरतमंद परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय तैयार कर प्रदान किये गये हैं। इसके साथ ही प्रदेश में 2 हजार 500 से अधिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्पलेक्स का निर्माण भी कराया गया है। स्वच्छता आंदोलन में नगरीय विकास विभाग द्वारा कचरा मुक्त शहरों के रूप में विकसित करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। इस मामले में मध्यप्रदेश के 158 शहरों को यह प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ। इस श्रेणी में इंदौर को 7 स्टॉर शहर और भोपाल को 5 स्टॉर शहर का दर्जा प्राप्त हुआ है। प्रदेश के नगरीय निकायों में सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथिन को प्रतिबंधित किया जा चुका है। स्थानीय निकायों में अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता बढाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश 97 प्रतिशत से अधिक उत्सर्जित अपशिष्ट का प्रसंस्करण करने में सक्षम है।

**ठोस अपशिष्टका प्रबंधन**-वर्तमान में मध्यप्रदेश ठोस अपशिष्ट के लिए 2 प्रक्रियाओं पर कार्य कर रहा है। पहला कलस्टर आधारित परियोजनाओं का क्रियान्वयन। जिसमें केन्द्रीय निकाय में अन्य आस-पास के निकायों में कचरा लाकर उसका उचित विधि से प्रसंस्करण किया जा रहा है। इस पद्धति में 5 क्लस्टर्स में 60 नगरीय निकायों को शामिल किया गया है। प्रदेश में गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है। रीवा और जबलपुर में प्रतिदिन संग्रहित होने वाले कचरे से बिजली का निर्माण किया जा रहा है। दूसरी पद्धति में नगरीय निकाय के संग्रहित होने वाले कचरे को निकाय स्वयं अपने साधनों से प्रसंस्कृत कर रहे हैं। इंदौर में 550 टन प्रतिदिन गीले कचरे को प्रतिदिन प्रसंस्करण की क्षमता की ईकाई स्थापित की गयी है। स्थापित इकाई से बायो सीएनजी का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 62 हजार सफाई मित्र स्वच्छता अभियान में दिन-रात सहयोग कर रहे है। इन प्रयासों से संकल्प के साथ मध्यप्रदेश देश के अन्य प्रमुख राज्यों के लिए आदर्श बनकर उभरेगा और कचरा प्रबंधन क्षेत्र में प्रदेश की आत्मनिर्भरता की संकल्पना को साकार करेगा।



## बालाघाट में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव बोले...

# एक मार्च को ही लाड़ली बहनों के खाते में डाले जाएंगे 1250 रुपये

**बालाघाट, 21 फरवरी।** सीएम बनने के बाद पहली बार बालाघाट आए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव बोले- सीएम बोले-अगले माह त्यौहारों के कारण एक मार्च को ही लाडली बहनों के खाते में 1250 रुपये डाले जाएंगे। होली और महाशिवरात्रि पर्व के कारण मोहन सरकार पहले राशि प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने अपने प्रथम आगमन पर जनता को 761.54 करोड की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। यह सौगात नए स्कूलों, सडकों और स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधा बढाने के लिए दी गई। बालाघाट में जल्दी ही आयुर्वेद कालेज खुलेगा। सीएम बोले- जिन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराया, वो अभागे हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत में कन्या पूजन भी किया। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे और विक्की पटेल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री ने मंच से जमकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया**-प्रदेश के मुखिया डा. मोहन यादव के बालाघाट प्रथम आगमन पर उनका भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जमकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते जमकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के साथ ही कांग्रेस के बड़े नेता भाजपा के साथ सुर मिला रहे हैं कि अबकी बार चार सौ पार, फिर भाजपा की सरकार इससे ये साबित होता है कि पक्ष, विपक्ष, प्रकृति व परमात्मा की मर्जी है। विरोध भी आपके सुर में सुर मिला रहे तो उनके मुंह में घी-शक्कर, हमको बस मजबूत कार्यकर्ता के रूप में अपनी महत्ती भूमिका निभानी है बाकि तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

**सब बेइमान चिल्ला रहे गा रहे मोदी जी का खाना लेकिन सब जाएंगे अंदर**-मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के बीच कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुशक्त सरकार चलाने का ही नतीजा है कि उन्होंने बेइमानों के घर के अंदर घुसकर उनकी बोलती बंद की है और जितने भी चिल्ला रहे हैं ये सब जमानत पर कोई भी फालतू नहीं है, सब लाइन में है। क्योंकि इनको बताया है कि आज नहीं तो कल मेरा, तेरा सबका नंबर आएगा कोई बाहर नहीं रहने वाला, सब अंदर जाने वाले हैं इसलिए ये मोदी जी गाना गा रहे हैं, इसलिए कि देश में अब सुचिता का शासन है।

**तीसरी बार देश को विश्व में नंबर वन बनाने के उद्देश्य से काम किया जाएगा**-कार्यकर्ता के रूप में आप सभी के बीच पहुंचे और इस बार हमारी जिम्मेदारी प्रमुख होगी क्योंकि सबसे पीछे की पंक्ति का कार्यकर्ता कब प्रथम कुर्सी में आकर बैठ जाएगा इसका परिणाम भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मुमकिन है और किसी पार्टी में नहीं है जिसके सबसे बड़े उदाहरण वे खुद हैं कि सबसे पीछे की पंक्ति में रहने के बाद भी वे प्रदेश के मुखिया बन चुके हैं। संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व आयुष मंत्री व वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे से कहा कि आपने आयुर्वेद महाविद्यालय के लिए बहुत प्रयास किया है लेकिन पूरा नहीं हुआ जो कि अब पूरा हो जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री एवं सांसद ने पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ किया

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा नवीन कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 101 में पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, गरोठ विधायक श्री चंद्रर सिंह सिसोदिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, पार्षद श्रीमती भारती पाटीदार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्री शीतांशु चौरसिया, पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र श्रीमती प्रीती अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, पोस्ट ऑफिस अधीक्षक मंदसौर श्री जगदीश, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने कहा कि आज हम सभी के लिए खुशी का क्षण है। मध्य प्रदेश में सबसे पहली बार 1978 में भोपाल में पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ हुआ था। मंदसौर जिले में पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ आज हुआ है। मंदसौर जिले के लिए यह सबसे बडी उपलब्धि है। आने वाले समय में हर लोकसभा क्षेत्र में इस तरह के एक-एक पासपोर्ट कार्यालय शुरू होंगे। अब पासपोर्ट बनाने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। सीधे मंदसौर से ही पासपोर्ट बन जाया करेगा। प्रधानमंत्री ने जनता की तकलीफों को दूर करने का काम किया है। उन्हीं का परिणाम है कि आज मंदसौर जिले में पासपोर्ट कार्यालय शुरू हुआ। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और विश्व में नंबर वन पर लाना है। इसके लिए सरकार लगातार प्रयास रत हैं। सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि पासपोर्ट कार्यालय के पीछे रोजगार के असीम अवसर छुपे हुए हैं। भारत सरकार ने विगत 10 वर्षों में पासपोर्ट बनाने की प्रक्रियाओं को और आसान किया है। आने वाले समय में नीमच में भी पासपोर्ट कार्यालय शुरू हो इसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं। आज भारत में शासकीय सेवा को छोड बिजनेस के क्षेत्र की तरफ रुझान बड़ा है। भारत में पैक्स समिति अभी बहुत अच्छे से काम कर रही है। सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं को लखपति दीदी बनाना है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री लगातार प्रयास कर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस बैंकिंग क्षेत्र का आधार बन चुके हैं। मंदसौर जिले के लिए अगर एमओयू साइन होता है तो 10 से 15 हजार बच्चों को वैश्विक रोजगार प्राप्त होगा। इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# बस में बिगड़ी यात्री की तबीयत, मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**नीमच, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार सुबह करीब 4 बजे जयश्री बस में इंदौर से जयपुर जा रहे एक यात्री की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद सहयात्रियों और बस स्टाफ के सदस्यों ने उसे नीमच के बड़े अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यात्री भगवान दास उम्र 41 साल उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला था। जो 2014 से जयपुर के एक ठेकेदार के साथ पेंटिंग का कार्य कर रहा था। काम के सिलसिले में वह इंदौर गया हुआ था और वहां पर काम खत्म कर वापस इंदौर से जयपुर लौट रहा था। युवक की मौत पर परिजनो ने हत्या का आरोप लगाया है।

इधर मृतक के परिजनों ने आशंका जाहिर करते हुए आरोप लगाया है कि उसकी मौत स्वाभाविक नहीं है। उसके साथ किसी ने मारपीट की है। उसके मुंह, चेहरे सहित शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट के निशान हैं। परिजनों की मांग है कि मामले की जांच कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। वही परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# तीन संस्थानों से लिए खाद्य पदार्थो के 9 नमूने

**नीमच, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को खाद्य सुरक्षा टीम व्दादरा नीमच स्थित तीन फर्मो का निरीक्षण कर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के 3 नमूने लिए गए और 6 नमूने खाद्य सुरक्षा सर्विलेंस प्लान के तहत जांच हेतु लिये गये। टीम व्द्रा कुल 9 नमुने लिए गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बताया कि नीमच में श्री कृष्णा दूध डेरी टीचर कॉलोनी के सामने नीमच से एक नमूना मिश्रीत दूध, बालाजी दूध डेयरी नीमच सिटी रोड नीमच से एक, नमूना मिश्रित दूध एवं एक नमूना मावा का व केश्व्र बेकरी सीआरपीएफ रोड नीमच से निर्माण मे प्रयुक्त खाद्य व खाद्य एक नमूना लिक्विड फूड कलर पिंक, एक नमूना लिक्विड फूड कलर यल्लो, एक नमूना ड्राय यिस्ट, एक नमूना बेकरी वनस्पति, एक नमूना टोस्ट व एक नमूना खारी का लिया गया। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।





## खाद्य सुरक्षा प्रशासन दो संस्थानों से लिये सेम्पल

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आमजनों को अच्छे से अच्छी एवं शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इस हेतु खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगतार कार्यवाही कर रहा है। जिला कलेक्टर के निदेर्शानुसार एवं उनके द्वारा गठित दल के द्वारा 21 फरवरी को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों के साथ दूध की दुकानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 21 फरवरी को कार्यवाही और निरीक्षण के दौरान सांवलिया दूध भंडार मंदसोर से दूध एवं घी और भावसार दूध डेयरी मंदसौर से दूध एवं पनीर का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा गठित दल के सदस्य डिप्टी कलेक्टर श्री पाटीदार, तहसीलदार रमेश मसारे एवं अन्य उपस्थित थे। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान विभाग का सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहा।

# ऑनलाइन गेम खेलते हुए लड़ गई अखियां, एक बच्चे की मां को नाबालिग से हुआ प्यार, नैनिताल से पहुंची सीधी

**सीधी, 21 फरवरी।** ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान मोहब्बत हो गई। उत्तराखंड नैनीताल की रहने वाली एक महिला अपने मासूम बच्चे को लेकर सीधी जिले के सिहावल घोपारी पहुंच गई। दोनों एक दूसरे के साथ रहना चाहते थे। लड़का नाबालिग था ऐसे में पुलिस और गांव वालों की समझाइश के बाद महिला वापस जाना पड़ा।

महिला ट्रेन से दिल्ली से रीवा और बस से सीधी आई थी। इसके पास करीब तीन हजार रुपये था। महिला खुद को विधवा बता रही थी। आधार कार्ड सहित कोई परिचय पत्र नहीं था। पुलिस से पूछताछ के दौरान महिला कभी दिल्ली, लुधियाना, नैनीताल रहने का ठिकाना बता रही थी। महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। बता दें की पूजा राजपूत उत्तराखंड नैनीताल और सीधी का नाबालिग करीब एक वर्ष से आनलाइन फ्री फायर गेम खेल रहे थे। गेम खेलने के दौरान दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों के बीच प्यार हो गया। प्यार ऐसा परवाना चढ़ा कि पूजा राजपूत अपने दो वर्ष के बेटे के साथ सीधी पहुंच गई। सीधी से बस में बैठकर करीब 40 किलोमीटर दूर घोपारी देवगांव पहुंच गई। जैसे ही यह खबर गांव वालों को लगी देखते ही देखते सैकडो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। लड़का नाबालिक था इसलिए गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत ने महिला को वापस जाने का निर्णय सुनाया। पंचायत के इस फैसले को प्रेमी और प्रेमिका मानने के लिए तैयार नहीं थे। ऐसे में पुलिस को सूचना दी गई। सिहावल चौकी प्रभारी फूलचंद बागरी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। कानून विधि को लेकर लडका और लडकी दोनों को बारीकी से समझाया गया। तब जाकर प्रेमिका वापस चली गई।



**प्रेमिका को अलग कमरे में रखा गया**-दरअसल दोनों को समझाने में रात हो गई। ऐसे में बच्चों के साथ प्रेमिका को अलग कमरे में रखा गया। जिसकी निगरानी घर वालों के साथ पुलिस ने भी किया।

**मेरा पहला प्यार है**-नाबालिक प्रेमी ने पंचायत को बताया कि गेम खेलने के दौरान हम दोनों की दोस्ती गहरी हो गई और प्यार में बदल गया। हम इससे शादी करना चाहते हैं। हमारी इससे फोन में भी बात होती रही है।

### इनका कहना

प्रेमी प्रेमिका को कानून विधि का बारीकी से समझाइश दिया गया है। दोनों ने बताया कि ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान प्यार हो गया था। इसके बाद महिला वापस सीधी से रीवा बस से गई है। इसके बाद दिल्ली जाएगी।

**फूलचंद बागरी**
**चौकी प्रभारी सिहावल**

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के तहत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर का चयन

## अध्यक्ष चंदवानी ने माना वरिष्ठ नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों का आभार

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत जिला मुख्यालय मंदसौर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का चयन हुआ है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण सौगात मंदसौर को प्राप्त हुई है। महाविद्यालय के चयन से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार यहां प्रारंभ होंगे। जिसका लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त होगा।

यह जानकारी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने दी। श्री चंदवानी ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में मंदसौर महाविद्यालय का चयन अभूतपूर्व और अभिनंदनीय है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना में कॉलेज के चयन से मंदसौर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई सुविधाएं और सौगातें तथा अवसर विधार्थियों को प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बनने से नए कोर्स और आधुनिक शिक्षा से कॉलेज जुड सकेगा। श्री चंदवानी ने मंदसौर महाविद्यालय को यह सौगात प्रदान किए जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री चंदवानी ने कहा कि मंदसौर महाविद्यालय इस सौगात के क्रियान्वयन में पूरी ऊर्जा और परिश्रम से कार्य करेगा। इस सौगात से महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक सहित प्रत्येक स्टाफ और वर्तमान विधार्थियों में भी प्रसन्नता है।

## समाधान आपके व्दार शिविर का हुआ समापन

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर एवं म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा समाधान आपके द्वार योजनांतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। समाधान आपके द्वार योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सहयोग से जन सामान्य के विभिन्न दस्तावेज बनवाने अथवा संशोधन करवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने बताया कि शिविर में 200 से अधिक आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं समग्र आईडी बनवाए/संशोधित करवाए गए। लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु स्थापित स्टॉल में 150 से अधिक महिला एवं पुरुषों के लर्निंग लाइसेंस बनवाए गए।

# उपयंत्री के प्रारम्भिक वेतनमान में सुधार के संबंध में ज्ञापन सौंपा

**मंदसौर, 21 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.डिप्लोमा इंजीनियर्स ऐसोसिएशन जिला समिति, मंदसौर द्वारा उप मुख्यमंत्री जगदीश जी देवडा का स्वागत किया गया।



संगठन के इंजी. सुनील व्यास, इंजी. राजेन्द्र सोनगरा, इंजी. अश्विन पटेल, इंजी. विजय कुमावत के नेतृत्व में माननीय मंत्रीजी को उपयंत्री के प्रारम्भिक वेतनमान में त्रुटी सुधार हेतु ज्ञापन सौंपा गया। इंजी. सुनील व्यास द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र. शासन द्वारा उपयंत्री के प्रारम्भिक वेतनमान 9300-34800-3200 को संशोधित कर 9300-34800-3600 पांच वर्ष पूर्व कर दिया परंतु आदेश में शर्त डाल दी कि म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित उपयंत्री को यह लाभ मिलेगा। माननीय मंत्री जी को अवगत कराया गया कि उपयंत्री की भर्ती कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की जाती है, म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आज तक भर्ती नहीं की गई। इस बेतुकी शर्त के कारण शासन आदेश का लाभ किसी भी उपयंत्री को नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश स्तर पर इस सम्बंध में संगठन के प्रान्तीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा भी माननीय मुख्यमंत्री जी व प्रमुख सचिव वित्त को भोपाल में ज्ञापन सौंपा जाकर निराकरण की मांगी की गई। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री म.प्र. शासन श्री जगदीश देवडा द्वारा संगठन के प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासत किया कि इस विसंगति को शीघ्र समाप्त कराया जावेगा।

## ✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ज्योति लावणी पिता राम चंद्र लावणी ने अपना नाम परिवर्तन कर दिया होटवानी पति भूपेंद्र होटवानी कर लिया है ! भविष्य में मुझे अपने नए नाम दिया होटवानी पति भूपेंद्र होटवानी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए !

पता : 54 ए संत कंवरराम कॉलोनी स्टेशन रोड मंदसौर मप्र 458001.

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक- क्यू मंदसौर, दिनांक-21.02.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में पंकज तुषार पटेल पिता तुषार पटेल गली नंबर 3, अग्रसेन नगर मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन कर पंकज तुषार पटेल करवाना चाहता हूं।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| पंकज | पंकज तुषार पटेल |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

## कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 21.02.2024

### ✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिनेशचन्द्र पिता रामचन्द्र नायक, निवासी ग्राम टकरावद, तहसील मल्हारगढ, जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय मकान जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 580/2 पर दर्ज होकर जिसका आवासीय भूखण्ड संख्याक 28 (p) ग्राम टकरावद, गाईड लाईन अनुसार पटवारी हल्का नंबर 58, तहसील मल्हारगढ, जिला मंदसौर का सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी249392024ए1204931 दिनांक 19.02.2024 से अपनी पत्नि श्रीमती रानुबाई पति दिनेशचन्द्र नायक, निवासी ग्राम टकरावद, तहसील मल्हारगढ जिला मंदसौर को अपना सह स्वामित्व को बनाया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

पूर्व में-सलीम भाई मंसूरी, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-बंशीलाल नायक, दक्षिण में-लाला मंसूरी, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम 40 फीट, उत्तर से दक्षिण 37.5 फीट। कुल क्षेत्रफल - 240 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर दिनेशचन्द्र पिता रामचन्द्र नायक द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर


## इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

# डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 24 फरवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in